भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 4255
दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

बांग्लादेश में जगन्नाथ मंदिरों का विध्वंस

4255. **श्री रुद्र नारायण पाणीः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बांग्लादेश में ध्वस्त किए जा रहे मंदिरों में जगन्नाथ मंदिरों की संख्या सर्वाधिक है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) बांग्लादेश में मंदिरों के ऐसे विध्वंस को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (ग) पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और देवी-देवताओं को अपवित्र करने और क्षति पहुंचाने की कई घटनाएं सामने आई हैं। भारत सरकार ने ऐसी घटनाओं पर अपनी चिंता व्यक्त की है, जिसमें बांग्लादेश में जगन्नाथ मंदिर का विध्वंस किया जाना, ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हुआ हमला और वर्ष 2024 में दुर्गा पूजा के दौरान सतखीरा में जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना शामिल है।

अल्पसंख्यकों सहित बांग्लादेश के सभी नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी बांग्लादेश सरकार की है।

*****